तापमान

अधिकतम 23.3 डिग्री

न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 15 जनवरी 2025



11 सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का जल्द ...





12 900 अधिवक्ता नहीं ले सकेंगे जिला बार एसोसिएशन ..





YADUVANSHI GROUP OF INSTITUTIONS

प्रतिभा आपकी तो स्कॉलरशिप भी आपकी

जो कहा वो किया, फीस को 30% से 70% तक कम किया

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन

## Chairman's SCHOLARSHIP Test 2025

For Grade I to XII

**19th on SUNDAY JANUARY 2025**

YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN

- MAHENDERGARH 9466341799
- NARNAUL 9468061387
- SATNALI 9812330666
- REWARI 8901167461
- HANSI 9053905366
- MANDOLA 7027134134
- GURUGRAM SEC 33 9053905381
- DHANI MAHU 9050007943 (BHIWANI)

TIME: 10:00 to 12:00 Noon

**26th on SUNDAY JANUARY 2025**

YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN

- GURUGRAM SEC 92 9053905384
- KOSLI 9053002458
- JIND 9053905361
- SOHALI 9991217659
- THANWAS 9050784050
- KANINA 9053048100

TIME: 10:00 to 12:00 Noon

OFFLINE REGISTRATION on the spot Also.

SCHOLARSHIP up to 100% On tuition fee & Hostel Fee.

Buses will be Available on all the Nearby Routes.

### Invitation

YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN, SATNALI & MANDOLA (CH. DADRI)

## Annual Function

& PRIZE DISTRIBUTION CEREMONY

26th on Sunday JANUARY, 2025 | 10:00 AM

- Chief Guest - SH. TARUN BHANDARI, PS to Chief Minister
- Guest of Honour - SH. UMED PATUWAS, MLA, Badhra
- Preside Over - SH. KANWAR SINGH YADAV, MLA, Mahendergarh

RSVP

RAO BAHADUR SINGH

The Chairman of yaduvanshi group, former MLA of Nangal Chaudhary along with the Management, Director, Principals, staff and students of yaduvanshi schools.

The programme will be followed by LUNCH.

Venue: YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN SATNALI

9812330666 | 9306359849

### CLASS-WISE EXAM PATTERN (MCQ's)

**GRADE-I**

| SUBJECT | MM-30 |
|---|---|
| ENGLISH | 10 Marks |
| MATHS | 10 Marks |
| HINDI | 10 Marks |

**GRADE-II to VI**

| SUBJECT | MM-30 |
|---|---|
| ENGLISH | 10 Marks |
| MATHS | 10 Marks |
| HINDI | 10 Marks |

**GRADE-VII to IX**

| SUBJECT | MM-50 |
|---|---|
| ENGLISH | 10 Marks |
| MATHS | 10 Marks |
| HINDI | 10 Marks |
| S.ST. | 10 Marks |
| SCIENCE | 10 Marks |

**GRADE-X**

| SUBJECT | MM-50 |
|---|---|
| ENGLISH | 10Marks |
| SCIENCE | 15 Marks |
| MATHS | 15 Marks |
| S.ST. | 10 Marks |

**GRADE-XI**

| SUBJECT | MM-60 |
|---|---|
| ENGLISH | 10 Marks |
| MATHS | 20 Marks |
| SCIENCE | 20 Marks |
| S.ST. | 10 Marks |

**XII (SCIENCE)**

| SUBJECT | MM-60 |
|---|---|
| PHYSICS | 20 Marks |
| CHEMISTRY | 20 Marks |
| BIO/MATHS | 20 Marks |

**GRADE-XII (Com.)**

| SUBJECT | MM-60 |
|---|---|
| ACCOUNTS | 15 Marks |
| ECO | 15 Marks |
| B.ST. | 15 Marks |
| ENGLISH | 15 Marks |

**GRADE-XII (Arts)**

| SUBJECT | MM-60 |
|---|---|
| ENGLISH | 15 Marks |
| HISTORY | 15 Marks |
| GEO | 15 Marks |
| POL. SCI. | 15 Marks |

SCAN & REGISTER For Scholarship

Golden Opportunity

### Meet our Toppers 2024



| NEET | JEE ADV. | CLAT | NDA | XII CBSE BOARD | X CBSE BOARD |
|---|---|---|---|---|---|
| 715/720 | AIR-1 | AIR-126 | SSB Qualifier | 98.4% | 97.8% |
| OJAL RAO D/o Sh. Vijender Rao | NITIN AGGARWAL S/o Sh. Manoj Kumar | UMA D/o Sh. Sombir Singh | KUNAL S/o Sh. Pradeep Singh | RITIKA D/o Sh. Ravinder | BHARTI YADAV D/o Sh. Ashok Kumar |

विद्यार्थी विज्ञान मंथन ORGANISED BY: Ministry of Education, Govt. of INDIA National Council of Science Museums

- NAMARTA D/o RAJESH KUMAR Class-XI
- AANJANEY S/o SH. NITIN YADAV Class-VI
- JATIN S/o SH. UMEER SINGH Class-X
- ISHIKA MITTAL D/o SH. ANIL KUMAR Class-IX
- LUCKY S/o RAJESH KUMAR Class-X

### Incredible Achievements 2024

| | | |
|---|---|---|
| JEE Advanced | Total Qualifiers | 43 |
| NEET | Total Qualifiers | 73 |
| NDA | Total Qualifiers | 36 |


| | | |
|---|---|---|
| XII CBSE Result | Above 95% 19 | Above 90% 165 |
| X CBSE Result | Above 95% 29 | Above 90% 142 |
| CLAT 2024 | Total Qualifiers 37 | |

प्रत्येक गांव से 5-10 गरीब बच्चों को फ्री शिक्षा

### Zonal Level Science Quiz Competition 2024

Qualified for STATE LEVEL

The school and its students will represent the District at STATE LEVEL for the fifth consecutive time. HSCSIT, Department of Science & Tech., Haryana Govt. In collaborartion with SCERT Haryana Gurugram.



ARUN S/o Sh. Dharmdutt | KARUNA D/o Sh. Rajkumar | MUSKAN D/o Sh. Rajesh Kumar



राव बहादुर सिंह

चेयरमैन यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक नांगल चौधरी

Admissions Open NURSERY TO XII 2025-26

Hostel Facility Boys & Girls

| NEET | JEE Advanced | JEE Mains | CA | CLAT | IAS | HCS | NDA | KVPY | NTSE Scholars |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1605 | 595 | 3192 | 103 | 167 | 15 | 16 | 1150 | 159 | 201 |

Mahendergarh: 9466341799 I Narnaul: 9468061387 I Thanwas: 9050784050 I Dhani Mahu: 9050007943 I Jind: 9053905361 I Gurugram Sec.92 : 9053905384 I Gurugram Sec.33: 9053905381

Rewari: 8901167461 I Satnali: 9812330666 I Sohali (Rajasthan): 9991217659 I Kosli : 9053002458 I Hansi : 9053905366 I Kanina: 9053048100 I Mandola: 7027134134

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चेतराम उर्फ अंकित निवासी राठधाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिपाही अनिल की टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ रोड पर महाराणा प्रताप चौक के पास मौजूद थी। सूचना के आधार पर राठधाना रोड पर युवक के हथियार होने व वारदात को अंजाम देने की सूचना मिली। टीम ने युवक को मौके से काबू कर उसकी तलाशी ली। उसके पास से एक देशी पिस्तौल देशी व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। पुलिस ने सेक्टर-27 सोनीपत में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को अदालत में पेश किया।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने सूचना के आधार पर सांपला बाईपास पर एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहणा गांव की तरफ से एक युवक शहर की तरफ आ रहा है। जिसके पास अवैध पिस्तौल है। पुलिस ने सांपला बाईपास पर नाकाबंदी करके आने जाने वाले लोगों पर नजर रखना शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद वह युवक सड़क मार्ग से पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को रोक कर तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व मैगजीन में भारी दो गोलियां बरामद की। युवक की पहचान गांव सनपेड़ा निवासी संदीप के रूप में हुई है।

# 15 साल से पानी की कमी से जूझ रहे लोगों के सब्र का बांध टूटा, तीन घंटे रोका रोड

## जींद बाईपास पर पानी की किल्लत, बूस्टर निर्माण जल्द करवाएं, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जींद बाईपास पर मंगलवार दोपहर को लोगों ने पीने के पानी की किल्लत को लेकर जाम लगा दिया। जहां जिला प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि पानी के बूस्टर का निर्माण काफी समय से लटका हुआ है। विभाग द्वारा एनओसी भी मिल चुकी है इसके बाद भी निर्माण नहीं करवाया जा रहा। जाम के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर तहसीलदार राजेश कुमार और पुलिस मौके पर पहुंची। जहां लोगों को समझाय। बूस्टर बनवाने के आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने जाम खोला, तब तक दोनों ओर वाहनों का जाम लगा रहा।

जाम के दौरान महिलाओं ने कहा कि उनके एरिया में पीने के पानी की सप्लाई नहीं आती। कई मकानों के लिए केवल एक ही पानी का टैंकर आता है। पानी के अभाव में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक कार्य भी पूरे नहीं हो पा रहे। दूर दराज से पानी भरकर लाना पड़ता है। इस समस्या को लेकर वे सभी अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसलिए उन्हें जाम लगाना पड़ा। लोगों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। करीब 15 साल से उन्हें पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। मकानों में जो पानी की मोटर लगाई गई थी, अब उनमें भी पानी नहीं आता। लोग पानी के लिए काफी परेशान हो रहे हैं। बूस्टर पास हो चुका है, लेकिन बनाया नहीं जा रहा। पशु भी पानी की किल्लत झेल रहे हैं। साथ ही उनके घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रैनकपुरा निवासी राजेश गुलिया सहित अन्य लोगों ने बताया कि केवल रैनकपुरा सहित आसपास की कई कॉलोनियों में पीने के पानी की समस्या है। करीब 4 हजार घरों में करीब 15 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। जिनको पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा।





■ केवल एक ही टैंकर आता है पानी का

### एनओसी मिलने के बाद भी बूस्टर निर्माण नहीं

पीड़ित लोगों ने बताया कि पानी के बूस्टर का निर्माण कार्य शुरू होना था। जिसकी एनओसी भी कई माह पहले ही मिल चुकी है। नगर निगम द्वारा लिखकर पब्लिक हेल्थ को दिया जा चुका है। पब्लिक हेल्थ द्वारा बूस्टर बनाया जाना है लेकिन काम शुरू नहीं हो पा रहा। वे कई बार पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से मिल चुके हैं। उनसे मांग की गई है कि पानी की समस्या को देखते हुए बूस्टर का जल्द निर्माण कार्य करवाया जाए लेकिन अधिकारी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से यातायात पुलिस चौकी प्रभारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 44 के ऊपर से गुजर रहे कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) व कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) के जीरो प्वाइंट पर स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से ट्रैफिक पुलिस चौकी राई प्रभारी की मौत हो गई। वह ड्यूटी के दौरान हाईवे पर तैनात थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। गांव डिंडार पानीपत निवासी एसआई श्यामसुंदर (45) यातायात चौकी राई में प्रभारी थे। वह मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे ड्यूटी पर थे। वह साथी कर्मी के साथ गाड़ी में सवार होकर केजीपी-केएमपी के जीरो प्वाइंट पर आए थे। वह पैदल की सड़क पार कर गाजियाबाद की तरफ से आ रहे वाहनों की जांच को दूसरे मार्ग पर चले गए। वह साथी कर्मियों के साथ खड़े थे कि तभी गाजियाबाद की तरफ से स्कॉर्पियो गाड़ी और चालक ने एसआई श्यामसुंदर को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी चालक मौके से भाग गया। साथी कर्मियों ने उन्हें तुरंत बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राई थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### सप्ताह पहले नियुक्त हुए थे चौकी प्रभारी

श्याम सुंदर सप्ताह भर पहले ही हाईवे यातायात की राई चौकी पर प्रभारी नियुक्त हुए थे। वह हादसों को रोकने के लिए लगातार प्रयास करते रहते थे। पानीपत के गांव डिंडार निवासी श्याम सुंदर अप्रैल, 2001 में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे।

### सूचना के बाद पहुंचे एसीपी यातायात

हादसे की जानकारी मिलते ही एसीपी ट्रैफिक राहुल देव पहले निजी अस्पताल व बाद में नागरिक अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने बताया कि श्याम सुंदर ने सदैव कर्तव्य निभाते हुए नौकरी की। उनके निधन से शोक की लहर है।

# जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए

■ गंगा सेवा समिति ने 60 कंबल बांटकर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गंगा सेवा समिति द्वारा कंज्यूमर कोर्ट के प्रांगण में जरूरतमंद लोगों के लिए बढ़ती सर्दी को मध्य नजर गर्म कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर गंगा सेवा समिति के प्रधान साधुराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में कंज्यूमर कोर्ट के प्रेसिडेंट नगेंद्र सिंह कादयान ने मुख्य रूप से शिरकत की और आए हुए लोगों को करीब 60 कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में हम सभी का फर्ज बनता है और आज हिंदुओं का पवित्र त्यौहार मकर संक्रांति का पर्व है। जिसमें जरूरतमंद लोगों को अपनी इच्छा अनुसार दान देने का महत्व है। इसके तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वैश्य संस्था के पूर्व प्रधान श्रीकृष्ण जैन, महेंद्र सिंह अग्रवाल, नरेश गोयल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मदवि में फैकल्टी क्लब ने मनाई लोहड़ी

■ हमारी सांस्कृतिक विरासत की धरोहर हैं लोक पर्व : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** फैकल्टी क्लब में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व मनाते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष डा. जितेन्द्र राठी व शिक्षक एवं उनके परिजन। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास उल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की। एमडीयू के कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा तथा मॉडल स्कूल की प्राचार्या डा. अरूणा तनेजा बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि लोक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत की धरोहर हैं, इन्हें संजो कर रखते हुए आने वाली पीढ़ी को इनसे रूबरू करवाना हमारी जिम्मेदारी है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट जनों, शिक्षक समुदाय और उनके परिजनों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**दी बधाई:** फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष डा. जितेन्द्र राठी ने प्रारंभ में स्वागत करते हुए लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई दी। इस अवसर पर एमडीयू के शिक्षक एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

### अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई तेज, 2 करोड़ 15 लाख रुपये वसूले



**गन्नौर।** खनन विभाग ने जिले में अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने पिछले एक वर्ष में अभियान चलाकर 9 मशीनें और 90 वाहन जब्त करने के साथ ही 2 करोड़ 15 लाख 63 हजार 797 रुपये वसूलकर सरकारी खजाने में जमा कराए हैं। अवैध खनन के खिलाफ अब तक 42 केस दर्ज हो चुके हैं। रविवार और सोमवार को खनन विभाग ने सोनीपत व गन्नौर में चेकिंग अभियान चलाकर दो वाहन जब्त किए। विभाग ने थाना बड़ी व सेक्टर 27 थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गन्नौर में अवैध खनन की सूचना पर विभागीय टीम का गठन किया गया। इसमें खनन निरीक्षक विकास चौहान, राजस्व विभाग और बड़ी थाना पुलिस शामिल थी। टीम ने सोमवार सुबह बड़ी गांव के पास छापा मारकर रेत से भरे वाहन जब्त किए और बड़ी थाना पुलिस को सौंप दिए।

# गवर्नमेंट कॉलेज महम में प्राध्यापकों ने उत्साह से मनाई मकर संक्रांति

■ कई प्राध्यापकों ने दिलकश अंदाज में सुनाए फिल्मी गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** मकर संक्रांति पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते राजकीय महाविद्यालय महम के प्राध्यापक व अन्य स्टाफ सदस्य।

राजकीय महाविद्यालय महम में प्राध्यापकों और कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्यों ने मकर सक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान कई प्राध्यापकों ने दिलकश अंदाज में फिल्मी गाने सुनाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। मकर सक्रांति के दिन आग जलाने की परंपरा है।

इसी के तहत सुबह के समय गहरी धुंध और कड़ाके की ठंड के बीच अलाव जलाकर सभी स्टाफ सदस्य आग से हाथ सेंकते हुए नजर आए। इस दौरान प्राध्यापकों व स्टाफ सदस्यों ने तिल व गुड़ के लड्डू व गरमा गरम गाजरपाक व मुंगफली का प्रसाद वितरित किया गया। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुनील कुमारी ने बताया कि एक साथ भोजन और जलपान करने से आपसी मेलजोल बढ़ता है और एक दूसरे के साथ संबंध मजबूत होते हैं। प्राध्यापकों ने एक साथ मिलकर त्योहार की गरिमा और इसके सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है।

वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है, इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल नामक उत्सव के रूप में जाना जाता हैं जबकि कर्नाटक, केरल तथा आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति ही कहते हैं। बिहार के कुछ जिलों में यह पर्व 'तिला संक्रांत' नाम से भी प्रसिद्ध है। मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं। 14 जनवरी के बाद से सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर होता है। इसी कारण इस पर्व को 'उतरायण' (सूर्य उत्तर की ओर) भी कहते है। वैज्ञानिक तौर पर इसका मुख्य कारण पृथ्वी का निरंतर 6 महीनों के समय अवधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर वलन कर लेना होता है और यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस मौके पर प्राचार्य रोहित कुमार, प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुनील कुमारी, प्राध्यापक दीपक, फूलकुमार, शिल्पी, मनीषा हुड्डा, एनसीसी इंचार्ज ज्योति शर्मा व अनिल कुमार, प्रियंका सोनी, प्रियंका, अशोक कुमार उपअधीक्षक, सुरेंद्र, विपिन, सुमेर सिवाच, रामनिवास चोपड़ा, अनिल, निधि, सरिता, रोमी, जयवीर गोयत, सुदेश कुमारी, नसीब, विकास, भूपेंद्र, सविता, दिनेश चहल व पुष्पा समेत कई प्राध्यापक और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा नेता दिनेश नेहरा ने करवाया कार्यक्रम का आयोजन

# मकर संक्रांति पर गांव निंदाना में बुजुर्गों को किया सम्मानित

■ मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर : वीरेंद्र बड़खालसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गांव निंदाना में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भाजपा नेता दिनेश नेहरा निंदाना द्वारा आयोजित बुजुर्ग सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, विशिष्ट अतिथि हरपाल ढांडा, भाजपा जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका, सतीश नांदल, महंत रामदास, युवा जिलाध्यक्ष नवीन ढुल रहे। ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने झूठ की राजनीति और नौकरियां बेचने वालों को करारा जवाब देकर भाजपा को तीसरी बार सत्ता सौंपी है। मनोहर लाल की जन्मस्थली पर आना उनके लिए सौभाग्य है और मैं आगे भी आता रहूंगा। उन्होंने सरकार के कार्यों की सराहना हुए कहा कि हमारी सरकार जनता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर सबके विकास को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी से काम कर रही है। बड़खालसा ने कहा हरियाणा में पहली बार भाजपा की सरकार ने युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची से नौकरी दी है। आज सरकार की योजनाओं से कोई व्यक्ति वंचित नहीं है। सरकार हर वर्ग के मान सम्मान का पूरा ध्यान रख रही है। वीरेन्द्र बड़खालसा ने कहा आयुष्मान कार्ड के जरिये कोई गरीब इलाज के बिना ना रहे इसकी चिंता मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की। उन्होंने कहा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने गांव का निरीक्षण करते हुए सड़क, जलघर और गलियों को ठीक करवाने से लेकर लोगों की विभिन्न मांगों को सुना और आश्वाशन दिया कि वे जल्द की सारे काम शुरू करवाएंगे। विशिष्ट अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करे क्योंकि जो पढ़ेगा वही बढ़ेगा। उन्होंने गांव में लाइब्रेरी खुलवाने और स्कूलों को दुरुस्त करने का वादा किया। इस कार्यक्रम में बुजुर्गो को कंबल वितरित किए गए। महंत रामदास ने कथा प्रवचन दिया।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में मंजू हुड्डा, सोनू दलाल, रवि हुड्डा, सिकंदर नरवाल, पवन राठी, रमा बल्हारा, सत्यप्रकाश बिसला, नवनीत राठी, आनंद सरपंच, विजय सरपंच, मोनू सरपंच, पवन राठी, हरिकेश, रामनिवास, राजकुमार, सुमन, जोगिंदर, तरुण हुड्डा, संदीप दुहन आदि समेत पूरी टीम और ग्रामवासी मौजूद रहे।



# जरूरतमंद लोगों में शॉल भेंट कर मनाई मकर संक्रांति

**रोहतक।** कर संक्रांति के अवसर पर न्यू राजेंद्र कॉलोनी में जरूरतमंद लोगों के लिए गर्म कपड़े, कम्बल और शॉल बांटने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता न्यू राजेंद्र कॉलोनी निवासी रितु पुत्रवधू श्रीकृष्ण ने की। आयोजन में करीब 150 से अधिक लोगों को गर्म कम्बल और शॉल बांटे गए।

इस अवसर पर जगत कुंडू, राजेंद्र, रणवीर, रमेश, भाजपा नेता अजय खुंडिया, सतबीर, बिजेंद्र, पंकज, आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## वैश्य एजुकेशन सोसायटी सदस्य राजेश ऑस्ट्रेलिया के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी के सदस्य एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के दिग्गज कॉर्पोरेट सदस्य एवं वित्तीय सलाहकार राजेश जिंदल को ऑस्ट्रेलिया ( सिडनी ) में होने वाले कॉर्पोरेट सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण मिला है यह सम्मेलन 19 फरवरी से 22 फरवरी तक सिडनी में आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने वाले जिंदल हरियाणा से ऐसे इकलौते प्रतिनिधि हैं। जिनको हरियाणा से प्रथम टीओटी,सीओटी,एमडीआरटी (यूएसस) एवं प्रथम कॉर्पोरेट होने का गौरव प्राप्त है। गौरतलब है कि जिंदल हरियाणा से इकलौते ऐसे सदस्य हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी कई बार हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जिंदल को इसी वर्ष 2025 में एमडीआरटी मीटिंग के लिए यूएसए फ्लोरिडा में जाने का दौरा भी प्रस्तावित है। वैश्य एजुकेशन सोसायटी के कार्यवाहक प्रधान दीपक जिन्दल, महासचिव राजेन्द्र बंसल, कोषाध्यक्ष डा.चन्द्र गर्ग तथा वरिष्ठ प्रबंधक बीबी मदान, हरियाणा मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण एवं विकास अधिकारी संजय गुप्ता व अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों ने जिंदल को शुभकामनाएं दी हैं।

## सैमाण में मकान से लाखों के गहने चोरी

**महम।** सैमाण गांव के एक घर से लाखों रुपए के जेवरात चोरी हो गए। इस संबंध में पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत महम थाने में दी है। पुलिस को दी शिकायत में सैमाण गांव निवासी मोनिका पत्नी राजेश ने बताया कि वह अपने घर से अपनी मौसी के पास गांव खेड़ी गोहाना गई हुई थी। 8 दिन बाद जब घर पहुंची तो उसके घर पर बाहर का ताला लगा हुआ था। उसने घर के बाहर लगा ताला खोलकर घर में प्रवेश किया तो उसके घर के कमरों में लगे सभी ताले कटे हुए मिले। कमरे में रखे संदूक में सामान संभाला तो वहां उसके सोने के जेवर चोरी हुए मिले। चोर संदूक से दो सोने की अंगूठी, ढाई तोले का सोने का हार, दो तोले की सोने की चेन, तीन तोला के सोने के कड़े, एक तोले का मंगलसूत्र चोरी कर ले गए। चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

### अधिकारी मुख्य सचिव द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना करें सुनिश्चित : उपायुक्त

# सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का जल्द करना होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य सचिव द्वारा जारी आवश्यक हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गत दिनों आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई तथा समीक्षा बैठक के दौरान आवश्यक हिदायतें जारी की गई। अधिकारी सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। धीरेंद्र खड़गटा स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की शिकायतों के निपटारे के लिए सीएम विंडो पोर्टल शुरू किया गया है। अधिकारी इस पोर्टल पर विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। मल्टी मार्किंग शिकायतों को तुरंत अंटरटेक किया जाए तथा शिकायतों का निपटारा हो। शिकायतों का निपटारा करने में उत्कृष्ट रहने वाले विभाग को सम्मानित किया जाएगा और लगातार तीन वर्ष तक सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र भेजा जाएगा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सरकार द्वारा शुरु किए गए जनसंवाद, समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा किया जाए। सरकार द्वारा लोगों की शिकायतों, समस्याओं के तुरंत निपटारे के लिए यह शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित प्राप्त हो रही मांग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित विकास कार्य का एस्टीमेट तैयार करवाए। सरकार द्वारा इन कार्यों के लिए बजट उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अपना लॉगइन खोलकर लंबित कार्यों का अवलोकन कर तुरंत निपटारा करवाया जाए। नगराधीश द्वारा इस कार्य की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत अंत्योदय परिवारों के हैप्पी कार्ड जारी किए गए हैं। इन कार्डों के वितरण के लिए महाप्रबंधक द्वारा विभिन्न प्रचार माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाए ताकि वे अपने हैप्पी कार्ड प्राप्त कर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि सिंचाई, लोक निर्माण तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा विभागीय भूमि का इंतकाल दर्ज करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नजूल व सरप्लस भूमि को खाली जमीन के तौर पर मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किया जाए। संपदा प्रबंधन के तहत संबंधित विभाग अपनी भूमि का रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।



**रोहतक।** सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करे अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

### अधिकारी लंबित मुख्यमंत्री घोषणाओं पर तुरंत करें आवश्यक कार्रवाई

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे लंबित घोषणाओं पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें ताकि लोगों को इन विकास परियोजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मुख्यमंत्री घोषणाओं के संदर्भ में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इन लंबित घोषणाओं में पिलाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंवल में सब हेल्थ सेंटर, लाहली में वेट्रनरी डिस्पेंसरी, भैणी माजरा में सब हेड सेंटर, रोहतक शहर में डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम के निर्माण से संबंधित घोषणाएं शामिल है। अधिकारी अपने कार्यालयों में साफ-सफाई के अलावा अनावश्यक फाइलों का निष्पादन करें। वे स्वयं कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, परिवहन डिपो के महाप्रबंधक भारत भूषण गोगिया, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद थे।

## सैनिक के बलिदान की तुलना किसी से नहीं की जा सकती : उपायुक्त



**रोहतक।** सेना मेडल हासिल करने वाले सेना अधिकारियों व जवानों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।

- उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने 9वें आर्म्ड फोर्स वेटरन डे के अवसर पर एमडीयू परिसर में स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक परिसर के भवन में आयोजित सम्मान समारोह को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के अमूल्य बलिदान और योगदान से आमजन सुरक्षित है। एक सैनिक न केवल अपनी शहादत से देश को सींचता है, बल्कि समाज के निर्माण में भी सेना और अर्धसैनिक बलों का बहुत बड़ा योगदान होता है। राष्ट्र व समाज को दिए जाने वाले इनके बलिदान की किसी से तुलना नहीं की जा सकती। उपायुक्त मंगलवार को 9वें आर्म्ड फोर्स वेटरन डे के अवसर पर एमडीयू परिसर में स्थित राज्य स्तरीय युद्घ स्मारक परिसर के भवन में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेना मेडल हासिल करने वाले सेना अधिकारियों व जवानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सैनिक और अर्धसैनिक के बिना न तो देश सुरक्षित और न देश की जनता सुखी है। जब-जब देश को उनकी जरूरत हुई है उन्होंने अपनी शहादत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश व समाज के लिए हमेशा तत्पर रहने वालों को लोग हमेशा याद रखते है और उनका समाज में सर्वपरि स्थान होता है। धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सेवानिवृत सैनिक सामाजिक गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहते हैं। वे एक तरह से समाज के पथ प्रदर्शक का काम करते है। जब भी राष्ट्र में किसी भी प्रकार की आपदा आती है तो सेवानिवृत्त सैनिक सबसे पहले सेवाभाव के साथ आगे आते है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सेना मेडल हासिल करने वाले ब्रिगेडियर जेएस बुधवार, ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, कैप्टन सुरता राम, कैप्टन राजबीर सिंह, कैप्टन रमेश कुमार, चांद सिंह, हवलदार धर्मबीर सिंह, भगवान सिंह,संजय मलिक, ओम प्रकाश, नायक जगबीर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुबेदार संजय कुमार ने किया। इस दौरान सेना व अर्धसैनिक बलों के अनेक अधिकारी व सैनिक मौजूद थे।

## सहली क्लब ने मनाई मकर संक्रांति



**रोहतक।** आर्य नगर में लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व मनाते हुए सहली क्लब के पदाधिकारी व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## जिलाधीश ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जारी किए गए आदेश के तहत एचएसवीपी के एसडीई राजीव कुमार को सेक्टर 7-37 व सेक्टर 24-25 की सडक़ से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है तथा एचएसवीपी होर्टिकल्चर डिविजन के एसडीई देवेंद्र कुमार को सेक्टर 21-पी एवं 21-ए तथा सेक्टर 27-28 व 26-पी आई से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

## हत्या की वारदात में फरार चल रहा 5 हजार रुपये का इनामी आरोपी चन्द्रभान गिरफ्तार

- आरोपी चंद्रभान को सन 2009 में हाईकोर्ट से मिली थी जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने साल 2003 में जनता कॉलोनी में हुई गतोली निवासी नरेंद्र की हत्या की वारदात में 15 साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी चंद्रभान को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बताया कि 7 अक्टूबर 2003 को जनता कॉलोनी निवासी चंद्रभान की शिकायत के आधार पर थाना शहर में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि चंद्रभान का पडोसी प्रमोद, समुंद्र व बालिकशन के साथ झगड़ा हुआ था। जिसका पंचायती तौर पर दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया। चंद्रभान के कथन के अनुसार इसी झगड़े की रंजिश के कारण प्रमोद, समुंद्र व बालिकशन ने मिलकर चंद्रभान के लड़के संजय के सिर व माथा में चोटे मारकर आग लगाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के आरोप में आरोपी चंद्रभान व पुत्र सजंय को गिरफ्तार किया गया। अदालत में आरोपियों के दोष सिद्ध होने पर सजा से दंडित किया गया। आरोपी चंद्रभान ने सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में याचिका दायर की। आरोपी चंद्रभान को सन 2009 में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। हाईकोर्ट में आरोपी की अपील को खारिज किया गया। आरोपी को जेल में सरेंडर करना था, लेकिन आरोपी फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए। आरोपी पर रोहतक पुलिस द्वारा पांच हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

## उदारता, दान और धर्म परायणता का पर्व मकर संक्रांति : कपिल कौशिक

- शमशेर बहादुर सक्सेना विधि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भारत देश धर्म, कृषि-विज्ञान और परंपरा के साथ एक अनूठे सांस्कृतिक देश के तौर पर विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में कई त्यौहार धर्म पर आधारित है तो कई कृषि से संबंधित है। इन्हीं में से एक है मकर संक्रांति। यह सौर वर्ष पर आधारित है जिसमें धर्म, कृषि और विज्ञान सभी का समावेश है। यह विचार शीत ऋतु का अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत के प्रतीक मकर संक्रांति पर शमशेर बहादुर सक्सेना विधि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. कपिल कौशिक ने रखे। उन्होंने कहा त्योहार समुदाय, सद्भाव, आनंद और स्वाद का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस दिन खिचड़ी, तिल के लड्डू, तले हुए अनाज, गुड़, मूंगफली और सूखा नारियल जश्न मनाने के लिए खाए जाने वाले मुख्य व्यंजन है। यह प्रकृति के प्रति आभार का पर्व भी है, जिसमें जल, अग्नि और सूर्य की पूजा की जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. जेएस जाखड़ ने की। उन्होंने कहा कि सूर्य पर आधारित मकर संक्रांति का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।

## मकर सक्रांति पर महंत डॉ. सतीश दास ने कई गोशालाओं में दान किए लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सतगुरु मंदिर सैमाण के महंत डॉ. सतीश दास ने मंगलवार को मकर सक्रांति के मौके पर इलाके की कई गोशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने महर्षि दयानंद गोशाला बैंसी में एक लाख रुपए का दान किया। लावारिश पीड़ित पशु सेवा संघ को उन्होंने एक लाख 51 हजार रुपए दान किए। समरगोपालपुर गोशाला में और मोखरा की श्री कृष्ण गोशाला में उन्होंने 21-21 हजार रुपए का दान किया। महर्षि दयानंद गोशाला बैंसी में उन्होंने राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के प्रतिनिधि के रूप में सांसद कोटे से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। महंत डॉ. सतीश दास ने बताया कि एक महीने पहले ही उन्होंने बैंसी गोशाला को ढाई लाख रुपए का दान किया था। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को राजनीति का अड्डा नहीं बनाना चाहिए। सभी राजनैतिक दलों के लोगों को आपस में मिल जुलकर गायों के चारे की व्यवस्था बनाने पर काम करना चाहिए। कुछ गोशालाएं राजनीति की भेंट चढ़ गई हैं, जिस वजह से वहां पर गायों को मिलने वाले चंदे पर असर पड़ने लगा है। गोशालाएं राजनीति चमकाने का नहीं बल्कि गोसेवा का माध्यम हैं।




**महम।** महंत डॉ. सतीश दास को स्मृति चिन्ह भेंट करते विजय मित्तल व अन्य।

## राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में मनाया लोहड़ी और मकर संक्रांति महोत्सव



**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। यह आयोजन भारतीय त्योहारों की समृद्ध परंपरा को समझने और उसे भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा, जिसमें कॉलेज की छात्राओं शिक्षकों और नॉन टीचिंग स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य इंदु सपरा ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने और उसे सहेजने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने भारतीय त्योहारों के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

**निर्देश** जिला नगर आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने जारी किए आदेश

## सम्पत्ति कर बकायादारों को दिए जाये नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला नगर आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह रोहतक की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिस दौरान नगर निकायों के कार्यो एवं योजनाओ के बारे विचार-विमर्श हुआ। आयुक्त द्वारा बताया गया कि अधिक से अधिक सम्पत्तिकर जमा करवाने हेतु प्रयत्न करें। सम्पत्तिकर बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाण पत्र पोर्टल के कार्य को गंभीरतापूर्वक लेकर उन पर आमजन से प्राप्त आवेदनों का निपटान जल्द से जल्द करें। ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सम्पत्तिकर वसूली के कार्य पर जोर दिया जाये। तथा जिन व्यक्तियों का सम्पत्तिकर अधिक लंबित है, उनको नोटिस दिये जाये तथा जिनको नोटिस दिए जा चुके हैं, उनको समयावधि के पश्चात सम्पत्तिकर न भरने पर सीलिंग की कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जाये।

### पिछले महीनों 123 उल्लंघनकताओं के किए चालान

मीटिंग में आयुक्त ने निर्देश दिए कि अवैध विज्ञापन जैसे कि होर्डिंगस/फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालो के विरूद्ध हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेन्ट आफ प्रोपर्टी एक्ट 1989 व विज्ञापन नीति के तहत कार्रवाई की जाये। प्रायः यह भी देखने में आया है कि बिना किसी अनुमति के दुकानों व मकानों की छतों पर बड़े-बड़े अवैध विज्ञापन लगाये जाते हैं। जिन पर भी नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाये। यह भी बताया गया कि नगर निगम द्वारा पिछले कुछ महीनों में 123 उल्लंघनकताओं के 28 लाख रुपये से अधिक की राशि के चालान किए जा चुके हैं। सभी अधिकारी अपनी-अपनी टीमों को सख्त निर्देश दे तथा अवैध तरीके से लगे होर्डिंग्स/फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालो को चिन्हित कर सम्बन्धित के विरूद्ध विरूद्ध हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेन्ट आफ प्रोपर्टी एक्ट 1989 व विज्ञापन निति के तहत कार्रवाई अमल में लाये। ये निर्देश अधिकारियों को बैठक में दिए गए हैं।



## रामा आश्रम में मनाई मकर संक्रान्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंगलवार को श्रीनगर कॉलोनी स्थित रामा आश्रम में मकर सक्रांति हर्षोल्लास से मनाई गईद्य। सतगुरूदेव महन्त इस अवसर पर महन्त रामानुज दास महाराज ने बहुत ही रोचक ढंग से सुन्दर प्रसंगों के माध्यम से प्रभु महिमा का बखान किया तथा प्रसंगों के बीच-बीच मे सुन्दर भजन प्रस्तुत किए। बाल व्यास आयुष महाराज ने भी उपस्थित श्रद्धालुओं के मध्य राधा-कृष्ण के भजन प्रस्तुत किए। पं. संजय शर्मा, भारत सहगल, पं. ईश्वर दत्त ने भी सुन्दर भजनों के माध्यम से प्रभु महिमा का गुणगान किया। मंच संचालन अनुराग हांसी ने किया। कार्यक्रम में सदगुरूदेव महन्त अशोक दास महाराज ने अपने आशीर्वचन में पधारे हुए सभी भक्तजनों का धन्यवाद किया तथा प्रभु नाम के स्मरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जितना भी सम्भव हो सके अधिक से अधिक प्रभु का सिमरन करना चाहिए। क्योंकि इस कलिकाल में केवल सिमरन से ही पार पाया जा सकता है। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया था।



## शहर में आज

- ⏭ जिला विकास भवन में समाधान शिविर
- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- ⏭ मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- ⏭ बिजली निगम के कर्मचारियों की बैठक
- ⏭ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक बजे पंडित श्रीराम शर्मा पार्क के पास स्थापित स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

## बिजली कट

- ⏭ सुबह 10 से 2 बजे तक सेक्टर-1 फीडर रहेगा बाधित

# असम के तेजपुर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जाट रेजिमेंट के हवलदार हरविंद्र का राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव भालौठ में अंतिम संस्कार

## गांव और आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़े, शहीद हरविंद्र अमर रहे के नारों से आसमान गूंजा

- तहसीलदार राजेश कुमार ने जिला प्रशासन की तरफ से शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



शहीद हरविंद्र का फोटो





शहीद हरविंद्र को सलामी देते जवान एवं शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते तहसीलदार राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

भारतीय सेना की 21 जाट रेजिमेंट के हवलदार हरविंद्र का उनके पैतृक गांव में भालौठ में गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वह असम के तेजपुर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। जिला प्रशासन की तरफ से तहसीलदार राजेश कुमार ने शहीद हरविंद्र के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा माहौल हरविंद्र अमर रहे के नारों से गुंजायमान रहा। उल्लेखनीय है कि गांव भालौठ निवासी लगभग 35 वर्षीय भारतीय सेना के हवलदार हरविंद्र असम के तेजपुर में 77वीं माउंटेन ब्रिगेड में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान हरविंद्र शहीद हो गए। हरविंद्र की शहादत की सूचना मिलते ही परिजनों के अलावा पूरा गांव और आसपास का क्षेत्र गम के माहौल में डूब गया। मंगलवार सुबह सेना के विशेष वाहन में तिरंगे से लिपटा हुआ हरविंद्र का पार्थिव शरीर जैसे ही गांव में पहुंचा। पूरा गांव उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। पूरी अंतिम यात्रा के दौरान शहीद हरविंद्र अमर रहे के नारों से आसमान गूंजता रहा। सेना के जवानों ने परिजनों को देश की आन, बान और शान का प्रतीक तिरंगा शहीद के परिजनों को सौंपा।

### कूट-कूट कर भरी हुई थी सेवा की भावना

हरविंद्र में देश सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनके बड़े भाई रविंद्र भी सेना में कार्यरत है तथा उनके पिता जगबीर सिंह सेना से सेवानिवृत है। हरविंद्र का परिवार सेना से जुड़ा रहा है। हरविंद्र की दो बेटियां व एक छह माह का बेटा है। सेना की टुकड़ी ने आसमान में गोली दाग कर और मातमी धुन बजाकर शहीद हरविंद्र को अंतिम विदाई दी। शहीद हरविंद्र गत 25 दिसंबर को 15 दिन के अवकाश के बाद वापिस अपनी ड्यूटी पर पंहुचे थे। अंतिम संस्कार में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल सहित भारी संख्या में ग्रामीण व अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### री-अपीयर की परीक्षाएं 21 जनवरी से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमपीएड प्रथम व तीसरे सेमेस्टर के फुल, री-अपीयर व इंप्रूवमेंट तथा पीएचडी कोर्स वर्क की री-अपीयर की परीक्षाएं 21 जनवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि इन परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### 1 से 7 फरवरी तक होंगी प्रैक्टिकल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीटेक प्रथम सेमेस्टर जी स्कीम रेगुलर व री-अपीयर तथा बी. आर्क प्रथम सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 से 7 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### एकेडमिक काउंसलिंग चुनाव 20 फरवरी को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी कोर्ट व एकेडमिक काउंसलिंग के सदस्य के चयन के लिए संबद्ध महाविद्यालयों के नियमित शिक्षकों (प्राचार्यों को छोडक़र) का चुनाव 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

### पीजीआई में इमरजेंसी के बाहर से ई-रिक्शा चोरी

**रोहतक।** पीजीआई में इमरजेंसी के बाहर से एक ई-रिक्शा चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पीजीआई थाना पुलिस को दी शिकातय में पीड़ित अरविंद ने बताया कि वह कच्ची गढ़ी कुआं मुहल्ला का रहने वाला है। उसका चाचा पीजीआई में उपचाराधीन है। 13 जनवरी को ई-रिक्शा खड़ी की थी।

## तय समय तक फीस नहीं जमा करवा पाए अधिवक्ता

# 900 अधिवक्ता नहीं ले सकेंगे जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में भाग

- करीब 3600 अधिवक्ताओं ने फीस जमा करवाई
- 50 अधिवक्ताओं ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई, रसीद लेने के लिए 16 जनवरी तक मौका
- 14 जनवरी की शाम तक होनी थी फीस जमा

विजय अहलावत ⏭ रोहतक

### चुनाव की तैयारियों में जुटे अधिवक्ता एवं प्रधान





जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीख तय हुए कई दिन बीत चुके हैं। भावी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत सुनिश्चत करने के लिए तैयारियां कर रहे हैं। प्रधान सहित कई पदों पर अधिवक्ताओं के नाम को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। वोटर लिस्ट फाइनल करने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए बार के अधिवक्ताओं से वार्षिक फीस जमा करवाने के लिए मंगलवार अंतिम दिन था। जिसमें करीब 900 अधिवक्ता अपनी फीस जमा नहीं करवा पाए जिसकी वजह से वह चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे। इन्हें कोई आखिरी मौका नहीं दिया जाएगा। चुनाव में करीब 3600 अधिवक्ताओं को ही वोट का अधिकार मिला है। जानकारी के अनुसार, जिला बार एसोसिएशन में हरियाणा सहित चंडीगढ़ और पंजाब में एक ही दिन चुनाव होंगे। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि कोई अधिवक्ता दूसरे जिले की बार एसोसिएशन में मतदान न कर सके। यहां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और लाइब्रेरी इंचार्ज के पद के लिए 28 फरवरी को चुनाव होने तय हुए हैं। रोहतक बार एसोसिएशन में करीब 4500 वोट हैं, जिन्हें 1000 रुपये फीस जमा करानी होती है। अब तक 3600 अधिवक्ता अपनी वार्षिक फीस जमा करवा चुके हैं। अन्य अधिवक्ताओं की फीस जमा करवाने के लिए 14 जनवरी तक का समय दिया गया था लेकिन 900 अधिवक्ता फीस जमा नहीं करवा पाए। वह चुनाव में मतदान का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। पहले फीस जमा करवाने की तिथि 10 जनवरी तक निर्धारित की गई थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 14 जनवरी कर दिया गया था।

### 17 को भेजी जाएगी बार काउंसिल को वोटर लिस्ट

अधिवक्ताओं द्वारा फीस जमा करवाने के बाद यह तय किया जाता है कि कितने अधिवक्ता मतदान का प्रयोग कर पाएंगे। वोटर लिस्ट 17 जनवरी को फाइनल कर पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल को भेजी जाएगी।

### फीस जमा करवाने के लिए 14 जनवरी तक का समय दिया था

चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं को फीस जमा करवाने के लिए 14 जनवरी तक का समय दिया गया था। फीस जमा करवाने का समय पूरा हो गया है। 16 जनवरी को एक बजे तक ऑनलाइन फीस जमा करवा चुके अधिवक्ता स्लीप दिखाकर बार एसोसिएशन से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे करीब 50 से 60 अधिवक्ता हैं। कुल 4500 अधिवक्ता हैं। जिनमें से 3600 ने फीस जमा करवा दी है। करीब 900 अधिवक्ता फीस जमा नहीं करवा सके। नियम के मुताबिक वह चुनाव में भाग नहीं ले सकते न ही कोई आखिरी मौका दिया जाएगा। वोटर लिस्ट फाइनल की जा रही है। इसके अलावा आरओ द्वारा फरवरी माह में चुनाव का शेड्यूल जारी किया जाएगा। -अरविंद श्योराण, प्रधान, जिला बार एसोसिएशन

## गांव चमारिया में वारदात से हड़कंप

# किसान के घर में बदमाशों ने की तोड़फोड़, सीसीटीवी में कैद



- सीसीटीवी में दो बाइक और एक कार में आरोपी आते दिखाई दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव चमारिया में एक किसान के घर में बदमाशों ने घुसकर तोड़फोड़ कर दी। आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत सदर थाना पुलिस को दी।

पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, सीसीटीवी की जांच करने के बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में अनिल ने बताया कि वह चमारिया गांव का रहने वाला है। खेतीबाड़ी का काम करता है। उसका करीब तीन वर्ष पहले उनके चाचा के साथ झगड़ा हो गया था। उस बात को लेकर उसके चाचा के लड़के ऋतिक अपने साथ करीब 10 से 12 युवकों को लेकर आया। आरोपी बाइक व कार में सवार होकर आए थे।

वह लाठी-डंडे लिए हुए थे। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर उनकी बाइक को तोड़ दी। वहीं, घर के दरवाजे और बर्तनों को भी तोड़ दिए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों सहित वहां से भाग गए। जिसके बाद डायल 112 पर फोन करके सूचना दी। आरोपी बस स्टैंड के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। सीसीटीवी में दो बाइक और एक कार में आरोपी आते दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### 4 दिवसीय कराटे स्पर्धा आज से होगी शुरू

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि 15 से 18 जनवरी तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे मैन चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। खेल निदेशक प्रो. आर.पी. गर्ग ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

यह खेल प्रतियोगिता एमडीयू के खेल परिसर स्थित डॉ. मंगल सेन मल्टीपर्पज हॉल में प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगी।



### कैंप में बच्चों से वार्षिक परीक्षा पर चर्चा

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांघी में सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन की शुरुआत ईश-वंदना से हुई। इसके बाद विनय भाटिया ने बच्चों को सामूहिक पीटी करवाई। कैंप इंचार्ज रामकली एवं डॉ. नीरजकांत ने बच्चों से वार्षिक परीक्षा संबंधी चर्चा की। जिसमें बच्चों को तनाव रहित होकर परीक्षा की तैयारी के टिप्स दिए गए। मुख्य वक्ता ओमपाल ने बच्चों को मकर संक्रांति का महत्व बताते हुए गांव के बुजुर्गों से मुलाकात करवाई। डॉ. नीरज ने बच्चों को समाज में फैल रही नशे की बीमारी के प्रति जागरूक किया।

# गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करें : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सफाई को लेकर मंगलवार को अपने कार्यालय में मीटिंग ली। इस उन्होंने सफाई शाखा के अधिकारियो को निर्देश दिए है कि शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। क्योंकि गंदगी रहने से शहर की छवि पर भी प्रभाव पड़ता है। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि मुख्य मार्गो व मार्किट एरिया में रेहड़ी/फड़ी वालों को डस्टबीन रखने व कूड़ा इधर-उधर न डालने बारे जागरूक किया जाये। तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कूड़ा खुले में न फैका जाये।

मकर सक्रांन्ति के अवसर पर लावारिस पीड़ति पशु सेवा संघ, दिल्ली बाई-पास भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम द्वारा संस्था के साथ मिलकर डिस्पोजल एंव प्रतिबंद्वित प्लास्टिक रहित 'जीरो वेस्ट कार्यक्रम' कार्यक्रम बनाया गया इसमें स्टील के बर्तन इस्तेमाल किए गए।

मीटिंग में नगर अभियंता तुरूण कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुन्दर सिंह, कनिष्ठ अभियंता विकास, सहायक सफाई निरीक्षक नरेन्द्र, परमजीत, सुमित फोगाट, संदीप राठी, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एमएड-बीएड प्रैक्टिकल परीक्षा का शेड्यूल जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि की एमएड प्रथम सेमेस्टर केवल यूटीडी रेगुलर व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर, एमएड स्पेशल एजुकेशन तीसरे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर यूटीडी व संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 19 से 25 जनवरी तक होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बीएड एजुकेशन दूसरे वर्ष की री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 21 व 22 जनवरी को होंगी।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


## डीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

# अधिकारी कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित भव्य झांकियां करवाए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूलों के अलावा आईटीआई, विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को करें शामिल

- समारोह स्थल की करवाई जाए साफ-सफाई
- राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप करवाए

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस समारोह में विभाग से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित भव्य झांकियां तैयार करें। उन्होंने खेल एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजीव गांधी खेल परिसर में समारोह स्थल की साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें। धीरेंद्र खड़गटा स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह एक राष्ट्रीय पर्व है। सभी संबंधित विभाग राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम की तैयारियां करवाएं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, उद्यान विभाग, आईटीआई, सहकारिता विभाग, खेल विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित भव्य झांकियां तैयार करवाई जाएं।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। एक श्रेणी में छोटे विद्यार्थियों तथा दूसरी श्रेणी में बड़े विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय व निजी विद्यालयों के अलावा आईटीआई, विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल किया जाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ठ प्रस्तुतियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभाग में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का 16 जनवरी तक प्रशंसा पत्र के लिए नाम भिजवाएं। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर भी महम व सांपला में उपमंडल स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा।

## निपटारा | समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुई, निपटारे के निर्देश

# अधिकारी नागरिकों की शिकायतों का यथाशीघ्र करें निपटारा: नरेंद्र कुमार





**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनतेअतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने मंगलवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की नई पहल के तहत एक छत के नीचे नागरिकों की विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का समाधान शिविर में निदान किया जा रहा है। समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निपटारे की कार्रवाई मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने शुरू की। नरेंद्र कुमार जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने गांव सुनारिया व स्थानीय डीएलएफ कॉलोनी में सीवर जाम से संबंधित शिकायतों के संदर्भ में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत सीवर को साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत निपटारा सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा समाधान शिविरों की निरंतर निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, भाजपा के प्रतिनिधि कुलविंद्र सिक्का आदि कर्मचारी मौजूद रहे।